(v) राजस्थान में 1857 की क्रान्ति

499. 1857 की क्रांति को दबाने के लिए, बीकानेर के किस शासक ने अंग्रेजों को सैन्य सहायता दी?

(a) सरदार सिंह (b) रतन सिंह
(c) गंगा सिंह (d) डूंगर सिंह

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (a) : भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) में बीकानेर नरेश सरदार सिंह एकमात्र शासक थे जिन्होंने स्वयं सेना का नेतृत्व कर क्रांति को दबाने में अंग्रेजों का साथ दिया था। 1857 की क्रांति के समय लॉर्ड केनिंग भारत के गवर्नर जनरल थे जबकि जार्ज पैट्रिक लॉरेंस राजपूताना रेजीडेंसी का एजेंट टू द गवर्नर जनरल था।

500. 1857 के विद्रोह के समय, ठाकुर कुशाल सिंह ने किस जगह विद्रोहियों का नेतृत्व किया?

(a) कोटा (b) नसीराबाद
(c) आउवा (d) एरिनपुरा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : 1857 के विद्रोह के समय ठाकुर कुशाल सिंह ने मारवाड़ के ठिकाना आउवा (जिला-पाली) का नेतृत्व किया। उन्होनें अप्रैल 1857 में महाराजा तख्त सिंह की सेना को पराजित किया था। वर्ष 1860 में कुशाल सिंह ने आत्म सर्म्पण कर दिया अन्ततः साक्ष्य के अभाव में ठाकुर कुशाल सिंह को रिहा कर दिया गया।

501. 1857 की क्रांति में, अंग्रेज एवं जोधपुर राज्य की संयुक्त सेना को किसने पराजित किया?

(a) ाकुर कुशाल सिंह ने (b) जयदयाल ने
(c) मेहराब खान ने (d) रावत रामसिंह ने

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (a) : 1857 की क्रांति के समय कई विद्रोह हुए जिसमें कोटा और आऊवा जन विद्रोह के प्रमुख केन्द्र थे। आऊवा जन विद्रोह का नेतृत्व यहाँ के ठिकारेदार ठाकुर कुशाल सिंह ने किया था। इन्होंने अंग्रेजों एवं जोधपुर की संयुक्त सेना को पराजित किया था।

502. 1857 की क्रांति के दौरान जयपुर के पॉलिटिकल ऐजेण्ट कौन थे?

(a) मॉक मैसन (b) मेजर बर्टन
(c) विलियम ईडन (d) मेजर मॉरीसन

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (c) : 1857 की क्रांति के दौरान जयपुर के पॉलिटिकल एजेंट विलियम ईडन था। 1857 की क्रांति नसीराबाद नीमच,एरिनपुरा तथा देवल छावनियों में हुई थी। खेरवाड़ा और ब्यावर की सैनिक छावनियों ने भाग नहीं लिया था।

503. 1857 के विद्रोह के समय जोधपुर का शासक था-

(a) महाराजा मान सिंह (b) महाराजा तख्त सिंह
(c) महाराजा सरदार सिंह (d) महाराजा बख्त सिंह

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (b) : 1857 के विद्रोह के समय जोधपुर के शासक महाराजा तख्त सिंह थे। तख्त सिंह का जन्म 6 जून, 1819 ई. में अहमदनगर में हुआ था। वह 1841 से 1843 ई. तक अहमदनगर के अन्तिम शासक भी रहे। तत्पश्चात जोधपुर राज्य के शासक नियुक्त हुए।

504. निम्न में से कौनसी जगह 1857 की क्रांति से संबंधित नहीं है?

(a) नीमच (b) जैसलमेर
(c) कोटा (d) देवली

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (b) : 1857 की क्रांति का व्यापक असर राजस्थान राज्य में रहा, यहाँ के अजमेर, देवली (टोंक), कोटा तथा म.प्र. के नीमच में विद्रोहियों ने अंग्रेजों के विरूद्ध भाग लिया। 1857 क्रांति में राजस्थान की नीमच, देवली, नसीराबाद (अजमेर) एवं एरिनपुरा (कोटा) सैनिक छावनियों ने अंग्रेजो से संघर्ष किये।

505. निम्नलिखित में से कौन कोटा में 1857 के विद्रोह का नेता था?

(a) नवी शेरखाँ (b) कुशल सिंह
(c) नंदलाल (d) मेहराब खाँ

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022
48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (d) : 1857 की क्रांति में कोटा शहर में हुए विद्रोह का नेतृत्व मेहराब खान तथा लाला जयदयाल ने किया था। जिन्हें बाद में मेजर बर्टन की हत्या के जुर्म में फॉसी दे दी गयी।

506. 1857 की क्रांति के समय एजेंट टू गवर्नर जनरल इन राजपूताना कौन था?

(a) जार्ज लरिन्स (b) हेनरी लॉरेन्स
(c) इल्लुदस थोमस प्रिचार्ड (d) चार्लस मेटकाफ

RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022
RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022
Investigator Exam Date- 21.08.2016
कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022
RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)
कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019
पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018
संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)

Ans. (a) : 1857 की क्रांति के समय एजेंट टू गवर्नर इन राजपूताना (राजस्थान) जार्ज पैट्रिक लारेंस था। 1857 की क्रांति के समय भारत के गवर्नर जनरल लार्ड केनिंग थे।

507. 1857 के विद्रोह की शुरूआत के समय उदयपुर में ब्रिटिश रेसिडेन्ट (एजेन्ट) कौन था?

(a) कैप्टन विलियम ईडन (b) सर जॉन लॉरेन्स
(c) कैप्टन शॉवर्स (d) मेजर बर्टन

RPSC-2020

Ans. (c) : 1857 ई. के महाविद्रोह के समय उदयपुर में ब्रिटिश रेसिडेन्ट (एजेंट) कैप्टन सी.एल.सावर्स थें। कैप्टन विलियम ईडन जयपुर के मेजर बर्टन कोटा के ब्रिटिश एजेंट थे।

508. निम्नलिखित में से किन अफसरों की हत्या 15 अक्टूबर, 1857 को कोटा की विद्रोही राजकीय सेना ने की थी?

(1) मेजर मॉरिसन (2) डॉ. सैडलर
(3) मेजर बर्टन (4) कैप्टन शॉवर्स
(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3
(c) 1, 3, 4 (d) 3, 4

RPSC Gen. Awareness and Gen Studies-2018
House Keeper 2022_09.07.2022